तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 भाजपा सरकार में विकास कार्य धरातल पर दिखते हैं: श्याम बिहारी




## खबर संक्षेप

### युवा नेता के घर पहुंचे मंत्री रामविचार



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम अपने कोरिया दौरे के दौरान शहर में भाजपा युवा नेता राहुल खस के निज निवास पर पहुंचे, जहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री नेताम युवा नेता राहुल खस के परिवार के लोगों से भी सौजन्य मुलाकात कर हाल चाल जाना।

### अमृत सदन में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर स्थित अमृत सदन में दिव्यांगजनों की सुविधा एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन के आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं का समाधान, मोबाइल नंबर अपडेट तथा आवश्यक सुधार कार्य करना था, ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। शिविर के दौरान कुल 25 दिव्यांगजन के आधार कार्ड अपडेट किए गए, वहीं 55 दिव्यांगजन के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट एवं अन्य आधार संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।

### अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** गांव में धुम रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम अनरोखा निवासी संदीप गिरी आ. राजेश तिर्की (25 वर्ष) बाइक से गांव में घूमने निकला था। इसी दौरान शाम को गांव के लोगों ने परिजन को बताया कि युवक बाइक सहित सड़क पर गिरा है और अचेत हो गया है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

### स्कूटी सवार पिता-पुत्र को कार ने मारी टक्कर, मौत

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तेतला के पास एनएच पर कार के टक्कर से स्कूटी में सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुसौर टीआई रामकिंकर यादव, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और बेकाबू भीड़ को काबू किया। पिता- पुत्र के शव को पीएम के लिए पुसौर अस्पताल भेजा गया। जानकारी अनुसार रायगढ़ सोनुमुड़ा निवासी रामेश्वर निषाद पिता स्व. जनकु निषाद 38 और उसका 10 वर्षीय पुत्र तरूण पिता रामेश्वर निषाद स्कूटी क्रमांक सीजी 13 यूजे 1403 में सवार होकर ग्राम कलमा जा रहे थे।

### 34 करोड़ रुपए से अधिक की हुई ऋण वसूली

# 14 हजार किसानों के खातों में पहुंचा 198 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से प्रारंभ की गई है, जो 31 जनवरी तक जारी रहेगी। जिले के 21 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है।

छग सरकार द्वारा इस वर्ष भी प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा में 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का निर्णय लिया गया है। 12 जनवरी तक जिले के 14 हजार 568 पंजीकृत किसानों से इस खरीफ वर्ष में 13 लाख 74 हजार 680 क्विंटल धान की खरीदी के लक्ष्य के विरूद्ध 8 लाख 36 हजार 893 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी गई धान की राशि के रूप में 198 करोड़ 32 लाख 59 हजार 991 रूपए डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में अंतरित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही कृषि ऋण लेने वाले किसानों से अब तक 34 करोड़ 69 लाख 82 हजार 491 रूपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। साथ ही 5 हजार 616 किसानों ने 430 हेक्टेयर से अधिक रखबे समर्पण भी कराया है। शासन द्वारा किसानों के लिए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था करने से फर्जी व बोगस धान बेचने वालों पर अंकुश लगी तो किसानों को ऑनलाइन टोकन से सुविधा भी मिली। धान खरीदी के दौरान जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध धान जब्त किया गया है, जिससे समर्थन मूल्य प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।



खरीदी केन्द्र में धान का भंडारण।

### धान उपार्जन केन्द्रों में निरंतर निगरानी करें नोडल अधिकारी

मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने 13 जनवरी को समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि धान खरीदी में अब विशेष रूप से निगरानी करने की आवश्यकता है। धान उपार्जन केन्द्रों में नियुक्त प्रत्येक नोडल नियमित रूप से निगरानी करने के लिए प्रतिदिन केन्द्र का दौरा करें। किसी भी अवांछित स्थिति पर अविलंब जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी संवेदन शील विषय है इसलिए सभी विशेष ध्यान रखें। विभागवार लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में गंभीरता से समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय-सीमा की बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को मातृत्व वंदन योजना की निरंतर निगरानी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा बैठक करने के निर्देश दिए गए। निर्वाचक नामावली में नाम सुधार की प्रक्रिया के साथ ही शासन की बंद हो गई योजनाओं की शेष राशि राज्य को लौटाने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार साहू सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

# मकर सक्रांति का पर्व आज घर में होगी विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मकर सक्रांति का पर्व 14 जनवरी को उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन सुबह होने के साथ ही लोग नदी सरोवरों में स्नान कर सूर्य को जल अर्पित करते और घर में पूजा-अर्चना के बाद तिल गुड से बने व्यंजनों का सेवन करते हैं। जानकारी के अनुसार इस वर्ष मकर सक्रांति पर्व के दिन षटतिला एकादशी भी पड़ रही है।

ज्योतिषियों के अनुसार ऐसा संयोग बहुत कम होता है, ऐसे में मकर सक्रांति का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है, इसके अलावा भी आज मकर सक्रांति के अवसर पर कई संयोग बन रहे हैं। मकर सक्रांति पर्व के एक दिन पूर्व शहर में तिल गुड के लड्डु व अन्य तिल के व्यंजनों की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। मकर सक्रांति पर्व के दिन तिल गुड, दही चिवड़ा का सेवन किया जाता है, इसे देखते हुए पर्व के एक दिन पूर्व लोगों द्वारा जमकर तिलकुट, तिल के लड्डु, चिवड़ा आदि का खरीदी किए।



सजा पतंग की दुकान।

### दान पुण्य का है पर्व

मकर सक्रांति का पर्व को दान पुण्य का पर्व भी माना गया है। यही कारण है कि इस दिन कई लोग जरूरतमंदों को तिल गुड सहित कपड़ों का दान करते हैं। मकर सक्रांति पर्व पर किए गए दान का शुभ फल मिलता है, इसी मान्यता को लेकर कई लोगों के द्वारा इस दिन अवश्य दान पुण्य करते हैं।

### पतंग स्पर्धा का आयोजन

मकर सक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर में किया गया है। इसमें शामिल विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के अलावा मोमेंटो भी प्रदान किया जाएगा। विलुप्त होती परंपरा को कायम रखने के लिए यह अच्छा प्रयास है।

### कल खिचड़ी खाने की है परंपरा

मकर सक्रांति पर्व को खिचड़ी पर्व भी कहा जाता है और इस अवसर पर अनेक परिवारों के यहां खिचड़ी अवश्य बनती है, लेकिन इस बार मकर सक्रांति पर्व के दिन षटतिला एकादशी होने के कारण चावल और खिचड़ी खाने की मनाही। कई वर्षो बाद मकर सक्रांति के दिन षटतिला एकादशी पड़ने के कारण इस बार सक्रांति पर खिचड़ी नहीं खाई जाएगी, बल्कि दूसरे दिन खिचड़ी खाई जा सकती है।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की वार्षिक कार्ययोजना पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर कोरिया के सभागार में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना निर्माण के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार किए जाने पर केन्द्रित रहा।



कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी सभी योजनाओं का चिन्हांकन करें, जिनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिले में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता है। उसी के अनुसार सूची तैयार कर विषयों पर प्रशिक्षण के लिए वार्षिक कौशल विकास कार्ययोजना का प्रारूप तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी तकनीकी कामों के लिए जैसे राजमिस्त्री, प्लम्बर, ईलेक्ट्रिशियन, पेंटर आदि को प्रशिक्षण विषय बनाकर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाए। इसी तरह जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जैसे अन्य विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए प्लान बनाए। उन्होंने कहा कि उद्योग, ग्रामीण विकास नगरीय प्रशासन, कृषि विभाग, स्वास्थ्य और पर्यटन विभाग में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता सदैव बनी रहती है।

### शराब सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में अवैध नशे के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीते 20 वर्षों से महुआ शराब की सप्लाई में संलिप्त मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के नेतृत्व में थाना चिरमिरी पुलिस टीम का गठन किया गया। मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हीरापुर तिराहा, बड़ी बाजार के पास घेराबंदी कर आरोपी सोन प्रकाश उर्फ सोनू पिता दुर्गा प्रसाद उम्र 42 वर्ष निवासी स्कूल सफाई गेल्हापानी थाना चिरमिरी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के 16 पाउचों में भरी 16 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत लगभग 3200 रूपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी-16 सीएफ-7252 कीमत लगभग 30 हजार रूपए जब्त की गई। इस संबंध में थाना चिरमिरी में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# अवैध कोयले की जब्ती की कार्रवाई संदेह के घेरे में

■ पोड़ी थाने का मामला

**वेस्ट चिरमिरी।** मंगलवार को अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस थाना पोड़ी द्वारा की गई कार्रवाई अब संदेह के घेरे में आ गई है। थाना पोड़ी पुलिस ने चित्ताझोर पोड़ी निवासी सोनसाय पण्डो के खेत से लावारिस हालत में अवैध रूप से भंडारित लगभग 10 टन कोयला, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार रूपए जिसे जब्त किया था।

पुलिस के अनुसार सोनसाय पण्डो के पुत्र सोनू साय आत्मज नंदू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके खेत में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कोयला भंडारित किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने खेत में रखे कोयले को जब्त कर लिया तथा विवेचना पूर्ण किए जाने की बात कही गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवेचना के दौरान पुलिस ने यह जानने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया कि उक्त कोयला कहां से आया, किसके द्वारा लाया गया और विशेष रूप से सोनसाय के खेत में ही क्यों भंडारित किया गया, जबकि वास्तविक स्थिति कुछ और ही कहानी बयां करती है। स्थानीयजन के अनुसार चित्ताझोर पोड़ी क्षेत्र में दर्जनों अवैध इंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। प्रतिदिन पुलिस थाना पोड़ी के सामने से ही ट्रैक्टरों में भरकर अवैध कोयला इन इंट भट्ठों तक पहुंचाया जाता है, लेकिन इस पर न तो खनिज विभाग और न ही स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है।

### सीईओ व अपर कलेक्टर ने लिए आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** ठंड में दूर-दराज से आने वाले आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में खुले आसमान के नीचे जनदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री वैद ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं नियमसम्मत कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन कार्यक्रम में बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर श्री वैद्य ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप आयोजित इस जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।






### रेलवे इंस्टीट्यूट कर्मी की पीड़ा, व्यवस्था पर उठते सवाल

# 28 साल सेवा, फिर भी सिर्फ 2000 मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भविष्य की उम्मीद में अपनी जिंदगी के 28 वर्ष समर्पित कर देने के बावजूद जब मेहनत का मोल केवल 2000 रूपए प्रतिमाह रह जाए तो यह केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था की विफलता की कहानी बन जाती है। ऐसा ही एक मामला खैर माता मंदिर वार्ड क्रमांक 02 निवासी पी. रामना राव उम्र 58 वर्ष की जिंदगी में देखने को मिलता है।



पी. रामना राव का जन्म 14 अगस्त 1967 को हुआ। उन्होंने 21 सितंबर 1997 को रेलवे इंस्टीट्यूट में चौकीदार के पद पर कार्यभार संभाला था। उस समय उनका मासिक वेतन मात्र 450 रूपए था। उनकी नियुक्ति तत्कालीन स्टेशन मास्टर एवं स्टेशन इंचार्ज डी. गांगोली द्वारा करवाई गई थी। वर्ष 2000 में मेंस यूनियन के माध्यम से उनके वेतन में 500 रूपए की वृद्धि हुई। इसके बाद 2002 में पुनः 500 रूपए बढ़ाए गए जिससे वेतन 1500 रूपए हो गया। वर्ष 2005 में एक बार फिर 500 रूपए की बढ़ोतरी कर उनका कुल मानदेय 2000 रूपए प्रतिमाह किया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पिछले लगभग 20 वर्षों से आज तक उनके वेतन में एक भी रूपए की वृद्धि नहीं हुई। पी. श्री राव केवल रेलवे इंस्टिट्यूट की सुरक्षा ही नहीं बल्कि उसकी साफ-सफाई, रख-रखाव साथ ही रेलवे स्कूल की देखरेख की जिम्मेदारी भी निभाते रहे हैं, इसके अलावा उन्होंने पोलियो अभियान, चुनाव ड्यूटी, खेलकूद प्रतियोगिताएं, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम, तथा कोविड टीकाकरण जैसे अहम कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके परिवार में पत्नी पी. कल्याणी, बड़े पुत्र पी. परमेश्वर राव उम्र 24 वर्ष और छोटे पुत्र पी. संमुख राव उम्र 18 वर्ष हैं। सीमित आय में पूरे परिवार का पालन-पोषण करना उनके लिए लगातार एक संघर्ष बना हुआ है। 28 वर्षों की ईमानदार और निष्ठावान सेवा के बावजूद आज भी सम्मानजनक वेतन से वंचित रहना ना केवल एक कर्मचारी की पीड़ा को दशार्ता है, बल्कि यह व्यवस्था की संवेदनहीनता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

## खबर संक्षेप



### भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी

**राजपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा कठरा में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा रहीं। उनके साथ जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जिपं सदस्य रवि प्रताप मराबी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, आवास, राशन और मनरेगा से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दी। जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने पंचायतों के माध्यम से चल रही विकास की जानकारी दी और ग्रामीणों से कहा कि विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि मिलकर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर संतोष पांडेय, उदय यादव, शीतल गुप्ता, अशोक रस्तोगी, सुरेश यादव सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।
फोटो सिंगल

### सामाजिक कार्यों व जागरूकता फैलाने विचार मंच का गठन

**अंबिकापुर।** शहर में सामाजिक कार्यों व लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विचार मंच का गठन किया गया। शहर के लाजपत राय अग्रवाल के



निवास स्थान पर आयोजित बैठक में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विचार मंच नामक संस्था की स्थापना की गई व कार्यकारिणी का गठन किया गया। मंच के अध्यक्ष देवेश शुक्ला ने बताया कि बैठक में सभी ने रचनात्मक कार्य करने हेतु जैसे पर्यावरण के क्षेत्र में, सामाजिक स्तर पर बढ़ते हिंसा, युवाओं में बढ़ते नशाखोरी, विभिन्न समुदायों में सद्भावना बढ़ाने हेतु एक अराजनैतिक संस्था बनाने पर जोर दिया गया व इस विचार मंच नामक संस्था की स्थापना हुई। संस्था का संयोजक श्रीपाल दास केशरवानी को बनाया गया। संस्था पूर्ण रूप से अराजनैतिक रहेगी। किसी भी राजनैतिक दल से इसका कोई सम्बंध नही होगा। राजनैतिक दल के सदस्य विचार मंच के सदस्य हो सकते हैं। इस दौरान आचार्य जयराम मिश्रा, लाजपत राय अग्रवाल, गोपाल पाण्डेय, धीरेन्द्र नाथ दुबे, गोपाल दास केशरवानी, सतेन्द्र, अब्दुल, मोहम्मद रज्जाक सहित अन्य मौजूद थे।

### कमलपुर साइडिंग पुनः शुरू करने के विरोध में युकां नेता ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** कमलपुर कोल साइडिंग को पुनः शुरू किए जाने की तैयारी के विरोध में आज सोमवार को युवक कांग्रेस पदाधिकारी ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कमलपुर साइडिंग संचालन की अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कमलपुर साइडिंग के दोबारा शुरू होने से इलाके में भारी वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी,साथ ही कोयला परिवहन के कारण धूल-प्रदूषण में भारी इजाफा होगा, जिसका सीधा असर आसपास के गांवों, खासकर किसानों की फसलों और कृषि कार्यों पर पड़ेगा। कोल डस्ट के कारण खेती पहले से ही प्रभावित है और साइडिंग शुरू होने से स्थिति और बदतर हो सकती है। ज्ञापन में पूर्व अनुभवों का हवाला देते हुए उल्लेख किया गया कि पहले भी अदानी ग्रुप द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था,उस समय अदानी ग्रुप ने सांडबार बैरियर से महावीरपुर-संजयनगर तक सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया गया,भले ही एसईसीएल द्वारा कुछ हद तक सड़क निर्माण कराया गया लेकिन निजी कंपनी द्वारा किए जाने वाले कार्य अधूरे रह गए, जिसका खामियाजा आज भी आमजन भुगत रहे हैं,कमलपुर साइडिंग के लिए निर्धारित भूमि अपर्याप्त है, जिससे सुरक्षित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्टिंग संभव नहीं है। ऐसे में साइडिंग का संचालन न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि स्थानीय सुरक्षा और पर्यावरण के लिए भी खतरा बन सकता है।

### विकासखंड स्तरीय शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ




**ओड़गी।** नवीन पाठ्य पुस्तक कक्षा 1 से तीसरी तथा माध्यमिक शाला में संस्कृत पढ़ाने वाले शिक्षकों का 5 दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण आज से विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेंद्र कुमार दुबे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालय के 40 एवं माध्यमिक विद्यालय के 45 शिक्षकों ने भाग लिया गया। , प्रशिक्षण निश्चित रूप से शिक्षा गुणवत्ता हेतु मिल का पत्थर साबित होगा, सभी शिक्षकों को पूरी तन्यमता के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स ऋषि कुमार पांडे, वैशाली वैष्णो, देवलाल पटेल, युवराज सिंह, देवलाल रत्नाकर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 6 दमकल गाड़ियों की मदद से पाया गया काबू

# बंद पड़े बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



आग बुझाते दमकलकर्मी।



बारदाना में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के ग्राम पर्री ग्राम स्थित संदीप एग्रो एजेंसी के बारदाना गोदाम में बीती रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते गोदाम में रखा लाखों रुपए का बारदाना जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

**खास बात**
- आग लगने का नहीं लगा पता, विभागीय जांच शुरू

बताया जा रहा है कि यह गोदाम बीते दो साल से बंद पड़ा हुआ था। स्थानीय स्तर पर इसे अब एक तरह से बारदाना गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा था। गोदाम विनोद अग्रवाल के नाम पर बताया जा रहा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार आगजनी से लगभग लाखों रुपए तक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। अब तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। न तो शॉर्ट सर्किट की पुष्टि हो सकी है और न ही किसी बाहरी साजिश के संकेत मिले हैं। प्रशासन और अग्निशमन विभाग आग के कारणों की जांच में जुट गया है। आग की गंभीरता को देखते हुए सूरजपुर, कोरिया और अंबिकापुर से कुल 6 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। समय रहते ही दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया नहीं तो आग के आसपास के इलाकों में फैलने से बड़ी घटना हो सकती थी। आग पर काबू पाने के दौरान दमकल टीम के कमांडेंट संजय गुप्ता मौके पर मौजूद रहे और उनके नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने साहस और सूझबूझ से स्थिति को संभाला।

### नहीं हुई कोई जनहानि

गोदाम मालिक विनोद अग्रवाल ने बताया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो बड़ी राहत है। हालांकि आर्थिक नुकसान काफी बड़ा है और इससे व्यवसाय को भारी झटका लगा है।

### जांच के आदेश

प्रशासन की ओर से कहा गया है कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि बंद पड़े गोदाम में सुरक्षा के क्या इंतजाम थे और आग लगने जैसी घटना को रोकने के लिए कौन-कौन सी सावधानियां बरती जानी चाहिए थीं।

## घायल का अस्पताल में नहीं किया गया इलाज, परिजन ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज से वंचित किए जाने का मामला सामने आया है। परिजन का आरोप है कि चिकित्सक न सिर्फ अस्पताल से नदारद थे बल्कि जब अस्पताल आए तो इलाज करने के बजाए अपमान करना शुरू कर दिया जिससे उन्हें मरीज को निजी अस्पताल ले जाकर इलाज कराना पड़ा। परिजन ने घटना की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से की है तथा मामले की जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

- परिजन ने अपमानित करने का लगाया आरोप

ग्राम कौशलपुर निवासी निर्भय कुमार पटेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से दिए गए लिखित शिकायत में बताया कि 12 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे भाई अक्षय पटेल (30 वर्ष) सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुज नगर लेकर पहुंचे। परिजन का आरोप है कि अस्पताल में काफी देर तक कोई डॉक्टर या जिम्मेदार स्टाफ मौजूद नहीं था। इस दौरान घायल युवक दर्द से तड़पता रहा। कुद समय बाद महिला चिकित्सक श्रीमती राजश्री सिंह अस्पताल पहुंचीं। परिजन जब मरीज की गंभीर स्थिति बताते हुए इलाज की गुहार लगाई, चिकित्सक ने मरीज को देखना भी मुनासिब नहीं समझा और प्राथमिक उपचार किए बिना ही अस्पताल से बाहर ले जाने को कह दिया जिससे परिजन घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना ने रामानुज नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की वर्षों से चली आ रही बदहाल व्यवस्था को एक बार फिर उजागर कर दिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अस्पताल लंबे समय से अव्यवस्था, डॉक्टरों की अनियमित उपस्थिति और आपातकालीन सेवाओं की कमी से जूझ रहा है। दुर्घटना और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को इलाज न मिलना बेहद गंभीर विषय है।

इस संबंध में संभाग के संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने कहा कि रामानुजनगर अस्पताल से एक शिकायत मुझे मिली है। दुर्घटना में घायल युवक को सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिलना गंभीर विषय है। इस मामले में दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया जाएगा और यदि डॉक्टर द्वारा ऐसा व्यवहार किया गया है तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नवापारा खदान से स्क्रैप अफरा-तफरी मामले में विजलेंस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के नवापारा भूमिगत खदान से स्क्रैप अफरा तफरी मामले में अब विजलेंस ने दबिश दी है,खबर है कि विजलेंस की टीम दो दिवस पूर्व नवापारा खदान पहुंचकर अधिकारी कर्मचारियों से आवश्यक पूछताछ की है। स्क्रैप अफरा तफरी मामले में विजलेंस की दबिश के बाद संबंधित अधिकारियों में खलबली मची हुई है।

- अधिकारी-कर्मचारियों के बयान के लिए कम्पनी मुख्यालय किया तलब

प्राप्त जानकारी अनुसार विजलेंस की टीम जांच कर कम्पनी मुख्यालय लौट गई है और इस मामले में प्रथम दृष्टया जिनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है एवं सम्बंधित कर्मियों को बयान दर्ज कराने के लिए मुख्यालय तलब किया गया है,बता दें कि पिछले साल के अंतिम सप्ताह गत 25 दिसम्बर को नवापारा खदान से स्क्रैप अफरा तफरी की घटना को अधिकारियों ने बड़ी सफाई से अंजाम दिया था लेकिन सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से मामला उलझ गया और चोरी पकड़ी गई,इस मामले में स्क्रैप का उठाव करने वाले कबाड़ खरीददार ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि एक गाड़ी कबाड़ उठाव का उसके पास अनुमति पत्रक है जबकि दूसरी गाड़ी में लोड कबाड़ का उसने अधिकारियों को नगद पैसा देकर उठाव किया है, जिसने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है।सुरक्षा विभाग की सतर्कता से मामला सामने आने के बाद मौके पर बवाल की स्थिति निर्मित हो गई सब एक दूसरे पर दोषारोपण करते दिख रहे हैं।बताया जाता है कि इस मामले में सब एरिया मैनेजर और कॉलरी इंजीनियर की भूमिका संदिग्ध है।खबर प्रकाशन और विजलेंस के आने के बाद प्रबंधन ने खदान के इंजीनियर का दूसरी जगह तबादला कर दिया है,साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा कुछ अन्य अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की जानकारी सामने आई है।बताया जाता है कि इस मामले में कबाड़ अफरा तफरी कार्य का विरोध करने वाले सुरक्षा कर्मी ललित गुप्ता को उनका बयान दर्ज करने विजलेंस ने सोमवार को बिलासपुर तलब किया है।

इस संबंध में एसईसीएल भटगांव महाप्रबंधक दिलीप बोबडे ने बताया कि मामले की जांच चल रही है जो कर्मचारी भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होनी तय मानी जा रही है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत डिंडो चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत ग्राम महादेवपुर खुटरापारा निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार पंडो आ. शिव कुमार पंडो नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले गया और उसका दैहिक शोषण किया। इस मामले में नाबालिग के पिता की शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 137, 64 (2)(ड) एवं पास्को अधिनियम की धारा 4 (2), 6, के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में डिंडो चौकी प्रभारी नवल किशोर दुबे, आरक्षक शिवनारायण सिंह, नंदलाल, दीपक बघेल, भीम तिर्की शामिल रहे।

## बैंक में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी के कर्मचारी खाताधारक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सहकारी केंद्रीय बैंक एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। खाताधारकों ने बैंक के एक दैनिक वेतन भोगी द्वारा मनमानी तरीके से 20 हजार से अधिक की राशि निकालने पर उनसे 500 तक की अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

- किसानों ने रुपए निकालने पर 5 सौ रुपए वसूली करने का लगाया आरोप

ग्राहकों के अनुसार बैंक में पदस्थ एक दैनिक वेतन भोगी के कर्मचारी की मनमानी से खाताधारक परेशान हैं। चाहे राशि आहरण हो या केवाईसी अपडेट जैसे आवश्यक कार्य। ग्राहकों को जानबूझकर घंटों इंतजार कराया जाता है। आरोप है कि जब खाताधारक बार-बार बैंक के चक्कर लगाकर थक जाते है तो उनसे काम शीघ्र निपटाने के एवज में पैसे की मांग की जाती है। बताया जा रहा है कि इस स्थिति से सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र के खाताधारक और बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं। ग्राहकों का कहना है कि अतिरिक्त राशि दिए बिना न तो समय पर भुगतान होता है और न ही आवश्यक दस्तावेजी कार्य पूरे किए जाते हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही इसी बैंक के प्रबंधक को ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार और बदसलूकी के आरोपों के कारण हटाया गया था। बावजूद इसके बैंक की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ। इधर क्षेत्र के खाताधारकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन और बैंक के उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस संबंध में सहकारी कोऑपरेटिव बैंक के प्रभारी ब्रांच मैनेजर अनिल चौबे ने बताया कि खाताधारकों से पैसा लिया जा रहा है इसकी कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसी घटना घटी है तो उनके विरुद्ध में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## छात्राएं पढ़ाई कर हासिल करें अपना मुकाम : मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारगव में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज जिपं एसएमडीसी अध्यक्ष मनीष ली, सरपंच नारायण प्रसाद, उप सरपंच कृष्णा सिंह, सांसद प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेश सरदार के आतिथ्य एवं जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में छात्राओं को सरस्वती सायकिल प्रदान किया गया।

- कक्षा 9वीं की छात्राओं को वितरित की गई सरस्वती सायकिल

छात्राओं की सुविधा हेतु निःशुल्क सायकल प्रदान की जा रही है। इसके उपयोग से विद्यालय में नियमित उपस्थित हो तथा पढ़ाई कर अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करें। प्रबोध मिंज ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण की शुरूआत तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह 2004-05 में की थी। कक्षा नवमी की बालिकाओं को अध्यापन हेतु आवागमन को सुचारू बनाने के लिए साइकिल प्रदान किया जाता है। छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें। अध्ययन में कोई भी समस्या होने पर हर सहयोग के लिए आपका एकमात्र उद्देश्य अच्छे से पढ़ाई कर अच्छा मुकाम हासिल करना एवं समाज में नेक इंसान होना चाहिए। पढ़ाई ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे आप अपना व अपने परिवार एवं समाज की दशा बदल सकते है। इसी उद्देश्य से सरकार पुस्तक, सायकल एवं अन्य सुविधाएं दे रही है।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुजाता सिंह ने किया। इस दौरान विजय बैरागी, संतोष जायसवाल, विकास सिंह, श्रीमती साधना सरकार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## सम्राट इलेवन टीम ने राजेश गुप्ता स्मृति क्रिकेट स्पपर्धा का खिताब किया अपने नाम

**प्रतापपुर।** स्वर्गीय राजेश गुप्ता स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रदर्शन करते हुए सम्राट इलेवन ने पठान क्लब मानी को 27 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।



फाइनल मुकाबला में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सम्राट इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में चौकों-छक्कों की बरसात कर दी और 174 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पठान क्लब मानी की टीम ने भी संघर्ष पूर्ण बल्लेबाजी की, लेकिन सम्राट इलेवन की सधी हुई गेंदबाजी के सामने वह 147 रन ही बना सकी। इस तरह सम्राट इलेवन ने 27 रनों से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों द्वारा विजेता टीम सम्राट इलेवन को 51 हजार रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम पठान क्लब मानी को 31 हजार रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जेपी श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि कंचन सोनी, संजीव श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, विपिन जायसवाल, राजेश गुप्ता, मासूम इराकी, आशुतोष गुप्ता के अलावा आयोजन समिति के निखिल सिंह चौहान, अजय गुप्ता, रॉबिन गर्ग, अंकित जायसवाल, फैजान अंसारी, राजा खान, सर्वेश्वर तिवारी एवं सरफराज खान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## शतरंज स्पर्धा में 9 कॉलेज के छात्रों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



शासकीय महाविद्यालय रविवार को परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में परिक्षेत्र के 9 शासकीय महाविद्यालयों से आए कुल 34 खिलाड़ियों ने अपनी बौद्धिक प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव सरोज कुमार वैष्णव, विशिष्ट अतिथियों के रूप में शेष रतन जायसवाल, सुजीत जायसवाल, नागेंद्र गुप्ता, तथा रविशंकर गुप्ता शामिल हुए। प्राचार्य प्रो. नंद कुमार देवांगन ने कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में निर्णय क्षमता, एकाग्रता एवं रणनीतिक सोच का विकास करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उच्च स्तरीय खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजेश साहू, रविन्द्र कुमार साहू, सुयश गुप्ता, अकेश पैकरा, अर्पित गुप्ता, ऋतिक भगत एवं सिकेंदर कुमार का चयन अंतर्विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) के लिए किया गया। अंतर्महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय, जशपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, सीतापुर तथा तृतीय स्थान शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, सूरजपुर को प्राप्त हुआ। विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा बधाई दी गई। इस दौरान डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा, आनंद चौबे, राहुल नीरज, सुष्मिता सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्राहक सेवा केन्द्र में दिन दहाड़े चोरी सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ चोर

**रामानुजगंज।** क्षेत्र के धनपुरी में सोमवार को दिनदहाड़े चोरी की एक घटना से सनसनी फैल गई। ग्राहक सेवा केंद्र से चोर ने नकद और मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। इधर पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



संचालक की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धनपुरी निवासी सूर्यकुमार प्रजापति के ग्राहक सेवा केंद्र में आज दोपहर एक युवक दाखिल हुआ और केंद्र में किसी के नहीं होने का फायदा उठाते हुए वहां रखे लगभग 4 से 5 हजार रुपये नगद और एक कीमती मोबाइल फोन को चोरी कर फरार हो गया। इधर जब संचालक आया तो काउंटर में रखे रुपए व मोबाइल गायब देख तत्काल घटना की शिकायत थाने में की।

## हिंदू सम्मेलन में शामिल हुए क्षेत्रवासी ग्राम बडसरा में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

हिंदू जागरण समिति की ओर से रविवार को बड़सरा, करौंदामुड़ा, बसकर,कुसमुसी, कुरीडीह ग्रामों का हिंदू सम्मेलन ग्राम बड़सरा में आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना, पारिवारिक मूल्यों तथा राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन में आसपास गांव के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज प्रमुखों एवं अतिथियों द्वारा राम व भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सुनील साहू ने की वहीं मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सत्येंद्र गुप्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में हरिकिशन गोस्वामी एवं लीलावती विश्वकर्मा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि समाज की एकता ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती है। प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु रहा है, किंतु समय के साथ सामाजिक एकता और कुटुंब भावना के कमजोर होने से देश को भारी क्षति उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हिंदू एक जीवन पद्धति है, जिसमें तुलसी, पीपल, बरगद जैसे वृक्षों तथा नदियों की पूजा की जाती है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से भी पर्यावरण संरक्षण और विराट जीवन दर्शन को दर्शाती है।श्री गुप्ता ने पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता के अभाव को राष्ट्र की कमजोरी बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पांच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी समाज प्रमुखों का अतिथियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुनील साहू ने किया।इस दौरान सोनू जायसवाल, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, सुशील साहू, राम केवल पैकरा, शांतनु गोयल, सुग्रीव कुशवाहा, राम लाल यादव, विजय यादव, विजय जायसवाल, जगनारायण सिंह, सुरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।



# पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी और बेटे से मुलाकात

**मुंबई।** वरुण धवन फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज होगी। आज वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर पीवीसी होशियार सिंह दहिया के परिवार से हुई मुलाकात की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 में कर्नल होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभाई है। वरुण ने पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी श्रीमती धनो देवी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमाल दहिया से हुई मुलाकात की। जिसकी कुछ खास तस्वीरें वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इसके साथ ही वरुण ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

लाइफ Style



# श्रिया

## साझा की शूटिंग से बीटीएस तस्वीरें

प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के रूप में सामने आएगी। मिर्जापुर द फिल्म की शूटिंग इन दिनों चल रही है। शूटिंग से कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आ चुके हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब सीरीज का हिस्सा रहीं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने शूटिंग से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें पहली तस्वीर में क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिस पर फिल्म का नाम 'मिर्जापुर द फिल्म' लिखा हुआ है। साथ ही स्क्रिप्ट रखी हुई है, जिस पर स्वास्तिक बना हुआ है और क्लैप बोर्ड व स्क्रिप्ट पर फूल चढ़े हुए हैं। इससे पता चलता है कि यह मुहूर्त शॉट की तस्वीर हो सकती है। इसके साथ ही श्रिया ने एक और तस्वीर भी साझा की है। इसमें पूजन हो रहा है और फिल्म की पूरी कास्ट व क्रू मौजूद है।

इसके साथ ही श्रिया ने कैप्शन में लिखा है, 'आठ साल बाद अंदाजा लगाइए कौन मौत के मुंह से वापस लौट आया है? श्रिया के कैप्शन के बाद अब ये साफ हो गया है कि मिर्जापुर के दूसरे सीजन में मर चुके मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा, 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापसी कर रहे हैं। श्रिया ने जो फिल्म की कास्ट की तस्वीर साझा की है, उसमें दिव्येंदु शर्मा भी नजर आ रहे हैं। अब श्रिया के कैप्शन और इस तस्वीर से फैंस को ये कंफर्मेशन मिल गई है कि मुन्ना भैया का किरदार 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापस आ रहा है। जाहिर है कि मुन्ना भैया शो का सबसे लोकप्रिय किरदार है।

हॉलीवुड मसाला




# द ब्लफ में बनीं समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लफ' में एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया, जिसमें 'ब्लडी मैरी' के दमदार लुक में प्रियंका को देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं और फिल्म की रिलीज के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म के कुछ सेकंड की झलक में प्रियंका ने एर्सेल ब्लडी मैरी के किरदार में सभी को चौंका दिया है। 'द ब्लफ' के टीजर में प्रियंका को एक खतरनाक समुद्री डाकू के किरदार में दिखाया गया है।



# पहनी भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा आयोजित सेलिब्रेट अवार्ड्स सीजन 2026 और गोल्डन ग्लोब में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। खास बात यह है कि इस इवेंट में जेनिफर ने भारतीय ज्वेलरी डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी पहनीं। जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की ओर से आयोजित अवार्ड्स सीजन 2026 की पार्टी में बहुत शानदार लुक में हिस्सा लिया। उन्होंने 'शीयर एंड स्पार्कल' थीम के साथ जुहैर मुराद के काउचर गाउन और सब्यसाची की हाई ज्वैलरी पहनी। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन ग्लोब्स 2026 की शुरुआत भी सब्यसाची की ज्वेलरी पहनकर की। गोल्डन ग्लोब्स से पहले की पार्टी में जेनिफर ने सब्यसाची की खूबसूरत ज्वैलरी पहनी।



# मर्दानी-3 में दिखा रानी का दबंग अंदाज

**मुंबई।** सोमवार को रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज हुआ। एक बार फिर वह दबंग पुलिस ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। इस बार उनका किरदार जिस केस को वह हैंडल करेगा, वह काफी खतरनाक होने वाला है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में रानी मुखर्जी के एंट्री अपने पुराने किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के तौर पर होती है। शिवानी को इस बार एक नया केस सॉल्व करने को दिया जाता है। इस बार वह लापता लड़कियों को बचाने और खोजने के मिशन पर हैं। एक बार इस फिल्म में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। फिल्म शैतान फेम जानकी बोड़ीवाला ने भी एक अहम किरदार इसमें निभाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में इस बार विलेन के तौर पर एक महिला नजर आती हैं।



# बॉर्डर-2 का तीसरा गाना जाते हुए लम्हों...

**मुंबई।** अपनी रिलीज से पहले ही सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' चर्चाओं में बनी हुई है। 'घर कब आओगे' गाने की सफलता के बाद अब मेकर्स फिल्म का एक और नया गाना लेकर आए हैं। खास बात ये है कि यह गाना भी 'बॉर्डर' फिल्म के ही गाने का री-क्रिएटेड वर्जन है। मेकर्स ने सोमवार को 'जाते हुए लम्हों' गाना रिलीज किया है। जाते हुए लम्हों' के इस री-क्रिएटेड वर्जन को विशाल मिश्रा ने गाया है। साथ में गाने में ओरिजनल सॉन्ग के सिंगर रूप कुमार राठौड़ की आवाज भी सुनाई देती है। 'घर कब आओगे' गाने की तरह ही इस गाने को भी मिथुन ने ही कंपोज किया है। जबकि 'बॉर्डर फिल्म में इस गाने को जावेद अख्तर ने लिखा था और अनु मलिक ने कंपोज किया था।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने बनाया रिकॉर्ड, पूरे किए 2000 एपिसोड

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके 2000 एपिसोड पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर एकता कपूर ने खुशी जाहिर की है। लोकप्रिय सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का दूसरा सीजन दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच इसके नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। मूल रूप से साल 2000 में शुरू हुए इस शो के दो हजार एपिसोड पूरे हो चुके हैं। पूरी टीम ने इसका जश्न मनाया है। साथ ही शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। एकता कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने शो के शुरुआत से लेकर अब दूसरे सीजन तक की यात्रा के पलों को इस वीडियो में दिखाया है। इसके साथ लिखा है, 'हमें 2000 एपिसोड पूरे करने में 25 साल लग गए! सिर्फ इस माइलस्टोन को पूरा करने के लिए, हमने 25 साल पुराने शो को वापस लाने का फैसला किया। आप सभी का आभार। खासकर मां का, अमर उपाध्याय, स्मृति ईरानी, राजुभाई, तनु, अनंतिका, सिद्धार्थ, वरुण, प्रभजोत, श्वेता, धीरज और बालाजी का। इसके अलावा 'क्योंकि...' की पूरी टीम का आभार'। एकता कपूर ने आगे लिखा है, 'मैं स्टार परिवार में सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उदय सर केविन सर सुमंतो दीपक अजय और पूरी स्टार टीम को। यह शो के लिए एक छोटी यात्रा है... हम ऐसा ही चाहते थे, लेकिन... हमने इस 2000 को और आगे बढ़ाया है। कुछ और एपिसोड के लिए। प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आप सभी की हमेशा आभारी रहूंगी। जय माता दी। जय श्री कृष्णा, जय बालाजी'।

## प्रशांत की आखिरी फिल्म बैटल ऑफ गलवान

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल 3' के विनर प्रशांत तमांग अब इस दुनिया में नहीं हैं। स्ट्रोक ने उनकी जान ले ली। वो अपने पीछे तमाम यादें छोड़कर गए हैं। उन्होंने सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' में काम किया है। अब उनके गुजरने के बाद ये उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो 17 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रशांत तमांग दिल्ली के जनकपुरी में अपने घर पर थे। परिवार का कहना है कि वो रात में अच्छी तरह से सोए थे, लेकिन सुबह उठ नहीं पाए। फैमिली ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से भी इनकार किया है। उनकी पत्नी गीता थापा उन्हें द्वारका के हॉस्पिटल लेकर गईं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वो अपने पीछे 4 साल की बेटी आरिया को भी छोड़कर गए हैं। प्रशांत 'इंडियन आइडल' में आने से पहले कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता की मौत के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़कर ये पद संभाला था। फिर दोस्तों के कहने पर उन्होंने सिंगिंग रिएलिटी शो में पार्टिसिपेट किया।



# आमिर को सुनील समझ उनके ही ऑफिस से निकाला...

**मुंबई।** आमिर खान और वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेल' 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। इस मूवी का एक प्रमोशनल वीडियो सामने आया है, जहां पर एक्टर को सुनील ग्रोवर समझकर उनके ही ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बीते एपिसोड में जब कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे आए थे, तब सुनील ग्रोवर ने आमिर खान का गेटअप लिया था और एकदम उनके जैसे ही एक्ट करके सबको चौंका दिया था। उनकी खूब तारीफ हुई थी और लोगों ने उन्हें असली एक्टर से बेहतर बताया था। साथ ही फैंस इंतजार कर रहे थे कि सुनील और आमिर का आमना-सामना हो। लोगों की चाहत पूरी हुई और दोनों को एक साथ देखा गया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, आमिर खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैप्पी पटेल' का प्रमोशन कर रहे हैं। इसी के प्रमोशनल वीडियो में उन्हें सुनील ग्रोवर के साथ देखा गया, जो 'दंगल' एक्टर की मिमिक्री करते नजर आए। लेकिन इस दौरान कॉमेडियन ने एक्टर को उनके ही ऑफिस से बाहर निकलवा दिया, जिसे देख हर कोई हंसी से लोटपोट हो रहा है। आमिर खान के सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में सुनील ग्रोवर एक कमरे में बैठे कुछ लिख रहे होते हैं। और वह एकदम एक्टर के लुक में नजर आते हैं। तभी वीर दार आते हैं और वह उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। कहते हैं कि वह आमिर नहीं। थोड़ा अलग लग रहे हैं। इसके बाद वह दोनों बैठते हैं और बात करते हैं और सुनील उन्हें बोनस चेक भी दे देते हैं।

# सिंगर कुमार सानू ने प्रेमानंद जी महाराज को सुनाया 'तुम देना साथ' गाना...



**मुंबई।** एक तरफ सिंगर कुमार सानू की पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई चल रही है, और दूसरी तरफ वो प्रेमानंद जी महाराज की शरण में जा पहुंचे हैं। उन्होंने पहले तो महाराज जी को अपना गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। फिर उनका आशीर्वाद भी लिया। सिंगर कुमार सानू पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई के बीच वृंदावन जा पहुंचे हैं और उन्होंने प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात की है। पहले तो कुमार सानू ने उन्हें गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। प्रेमानंद जी भी उनके गाने को ध्यान से सुन रहे थे और वो भी मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में महाराज जी ने उनकी खूब तारीफ की। प्रेमानंद जी ने उनसे कहा, 'हमारी सांसें बहुत कीमती हैं। आपने 50 साल में जो ऐश्वर्या कमाया, ऐसी कीमती सांसों में हम भगवान का नाम लें तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। शिव की चाह है तो उनका नाम लेते रहिए।' लोगों ने वीडियो पर राधे-राधे लिखकर प्यार जताया है। कुमार सानू ने पत्नी के खिलाफ जो याचिका दायर की, उसमें दावा किया गया है कि रीटा भट्टाचार्या ने विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म पर इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने कुमार सानू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि गर्भावस्था के दौरान उन्होंने उन्हें भूखा रखा, रसोई को बंद कर दिया, दूध और चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा और प्रेग्नेंसी के दौरान अदालती कार्यवाही की। कुमार सानू ने दो बार शादी की है। उनकी पहली शादी 1986 में रीटा भट्टाचार्या से हुई थी, जिनके साथ उनका तलाक में हो गया। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक का नाम जान कुमार सानू है। कुमार सानू फिलहाल सलोनी भट्टाचार्य से शादीशुदा हैं, जिनसे उन्होंने 2001 में शादी की थी। इस कपल की दो बेटियां हैं।

## मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने किया होस्ट

# वन बैटल आफ्टर अनदर बनी बेस्ट फिल्म, एडोलसेंस का दिखा जलवा

*लॉस एंजिल्स।* *83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 का ऐलान हो गया है। हालांकि, इस बार किसी भी भारतीय फिलम या टीवी सीरीज को कोई नॉमिनेशन नहीं मिला, लेकिन इस इवेंट में देश की मौजूदगी जरूर थी। बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर इस प्रतिष्ठित समारोह का हिस्सा बनीं। भारतीय समय के अनुसार, 12 जनवरी को सुबह 6.30 बजे अवॉर्ड शो शुरू हुआ। इसमें साल 2025 में फिल्म और अमेरिकन टेलीविजन शो को सम्मानित किया। सेरेमनी में पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर और जैक थॉर्न-स्टीफन ग्राहम की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस ने सबसे अधिक 4-4 अवॉर्ड अपने नाम किए। डायरेक्टर क्लो झाओ की बायोग्राफिकल हिस्टोरिकल ड्रामा हैमनेट को बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा का अवॉर्ड मिला, जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर वन बैटल आफ्टर अनदर ने बेस्ट मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता।*

*गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 को मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने होस्ट किया। यह इस अवॉर्ड शो की उनकी लगातार दूसरी होस्टिंग थी। सेरेमनी में ब्राजील के हिस्टोरिकल पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म द सीक्रेट एजेंट ने बेस्ट मोशन पिक्चरः नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज और बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चरः ड्रामा (वैगनर मौरा), जैसे 2 बड़े अवॉर्ड जीते। जबकि बेस्ट पिक्चर के अलावा, हैमनेट के लिए जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – ड्रामा का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी मिला।*




## डॉन चेडले और जॉर्ज क्लूनी की मस्ती

एक्टर डॉन चेडले मंच पर 64 साल के जॉर्ज क्लूनी के साथ पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इवेंट में मौजूद टिमोथी चालमेट से उनकी उम्र पूछी। टिमोथी ने बताया कि वो 30 साल के हैं। इस पर डॉन, साथ खड़े जॉर्ज क्लूनी से बोले- 'आखिरी बार जब तुमने गोल्डन ग्लोब जीता था तब टिमोथी मात्र 3 साल का था।'

## बेबी बंप के साथ स्टेज पर अवॉर्ड देने पहुंचीं हैली स्टैनफेल्ड

अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टैनफेल्ड रेड कारपेट पर बेबी बंप के साथ नजर आईं। वे स्टेज प्रेजेंटर भी बनीं। उन्होंने बेस्ट लिमिटेज सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज और मोशन पिक्चर का अवॉर्ड अनाउंस किया।

***'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/ कॉमेडी :*** 83वें गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड्स में लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा, बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी।

## टिमोथी और रोज़ को बेस्ट एक्टर-बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

समारोह के दूसरे बड़े विजेताओं में 'मार्टी सुप्रीम' के लिए टिमोथी चालमेट (बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी), 'इफ आई हैड लेग्स आई वुड किक यू' के लिए रोज़ बर्न (बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी) को अवॉर्ड मिला। 'द पिट' को बेस्ट टेलीविजन सीरीज – ड्रामा का अवॉर्ड दिया गया, और 'द स्टूडियो' को बेस्ट टीवी सीरीज – म्यूजिकल या कॉमेडी का पुरस्कार मिला।

## सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर- ड्रामा : हैमनेट

सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः वन बैटल आफ्टर अनदर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशकः पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – ड्रामाः वैगनर मौरा (द सीक्रेट एजेंट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – ड्रामाः जेसी बकले (हैमनेट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः टिमोथी चालमेट (मार्टी सुप्रीम)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः रोज बायरन (इफ आई हैड लेग्स आई'ड किक यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता मोशन पिक्चरः स्टेलन स्कार्सगार्ड (सेंटीमेंटल वैल्यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री मोशन पिक्चरः टेयाना टेलर (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्मः के-पॉप डेमन हंटर्स
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/म्यूजिकल/कॉमेडीः सेठ रोजन (द स्टूडियो)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री टेलीविजन- एरिन डोहर्टी (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता टेलीविजन- ओवेन कूपर (एडोलसेंस)
बेस्ट परफॉर्मेंस इन स्टैंड-अप कॉमेडी- रिकी गेरवाइस
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर - मिशेल विलियम्स (डाइंग फॉर...)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर- स्टीफन ग्राहम (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/ड्रामा- नोआ वाइल (द पिट)



## खबर संक्षेप



### विवेकानंद जयंती पर विविध आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** विवेकानंद जयंती के अवसर पर एजुकेशन पावर पब्लिक स्कूल नई लेदरी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा नार्थ झगराखाण्ड स्थित पार्क में हर्षोल्लास के साथ भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झगराखाण्ड नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा रमेश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में उत्साह, उमंग और खुशियों का माहौल देखने को मिला। श्रीमती यादव ने बच्चों को नववर्ष की बधाई दी।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** युवा महोत्सव विवेकानंद जयंती के अवसर पर नालसा द्वारा प्राप्त संदर्भित पत्र ड्राग फ्री इंडिया स्कीम 2025 के तहत मनेन्द्रगढ़ थाने से सिविल लाइन रोड में क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने मिलकर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं साइबर सुरक्षा अपराध से सतर्कता के बैनर को एवं हाथ में नशा मुक्ति स्लोगन पकड़ नशा मुक्ति अभियान संदेश को लेकर रैली निकाली गई साथ ही लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विशेष रूप सेडीएडब्लूएन योजना की जानकारी नसे के विरूद्ध जागरुकता पर विशेष ध्यानाकर्षण कराया तथा 14446 को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में काफी लोग मौजूद रहे। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर ठगी से सतर्कता से संबंधित जानकारी दी गई, निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में नशे विरूद्ध जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाया गया।

### नशे के विरुद्ध लोगों को किया गया जागरुक



**मनेन्द्रगढ़।** समाज में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं द्वारा एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से रैली निकालकर गोपाल शीतगृह तिराहा पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति को स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। इस जनजागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, समस्त सहायक प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती राजकुमारी देवी



**बैकुण्ठपुर।** शहर के कुमार चौक निवासी प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी मुकुलचंद गुप्ता की माता श्रीमती राजकुमारी देवी पति स्व. मदन चंद गुप्ता का निधन मंगलवार की सुबह हो गया। वे करीब 88 वर्ष की थीं। इनका अंतिम संस्कार गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत शहर के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे। वे अपने पीछे तीन पुत्रों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गईं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने नपं कार्यालय में की विकास कार्यों की समीक्षा

# भाजपा सरकार में विकास कार्य धरातल पर दिखते हैंः श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नगर पंचायत झगराखाण्ड एमसीबी के कार्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव, मुख्य नगर अधिकारी बसंत राम, उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, पार्षद देवनारायण सिंह, दिलीप सिंह, जितेन्द्र केवट, सुनील मिश्रा, रविरंजन, विनोद श्रीवास, शिवपूजन सिंह, श्रीमती पूजा कोल, शिव कुमार, मंडल अध्यक्ष श्रीमती बबीता सिंह, राजेश्वर सिंह, रमेश यादव, अजीमुन्नीशा, सौरभ गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री के आगमन को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।



बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विकास कार्यों को समय-सीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य मंत्री ने क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-स्वास्थ्य केन्द्रों, दवा उपलब्धता, चिकित्सक एवं स्टाफ की व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा। इनमें पेयजल संकट, जर्जर सड़कों की मरम्मत, नियमित साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे। मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का झगराखाण्ड आगमन नगर पंचायत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वे हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई हैं और भाजपा की विकासोन्मुखी सोच, सुशासन तथा जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि योजनाएं धरातल पर दिखाई देती हैं। श्रीमती यादव ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, पेयजल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर मंत्री के समक्ष विस्तृत मांगें रखी गई हैं, जिन पर सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार और स्थानीय निकाय के बेहतर समन्वय से झगराखाण्ड नगर पंचायत को विकास की नई दिशा मिलेगी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर संवाद और जमीनी स्तर पर निगरानी आवश्यक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का आग्रह किया।

# बाल मधुमेह पीड़ित बच्चों के लिए सहायता समूह बैठक

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृह जिले एमसीबी में टाइप-1 डायबिटीज बाल मधुमेह से पीड़ति बच्चों और उनके परिजन के लिए पहली बार रोगी सहायता समूह बैठक का आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक और संवेदनशील पहल कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

- बैठक का उद्देश्य टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों एवं उनके परिवारों को सही चिकित्सकीय जानकारी

कार्यक्रम का आयोजन राज्य एनसीडी सेल, जिला स्वास्थ्य समिति एमसीबी, यूनिसेफ छग एवं एकम फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से किया गया। बैठक का उद्देश्य टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों एवं उनके परिवारों को सही चिकित्सकीय जानकारी, भावनात्मक संबल, उपचार प्रबंधन तथा दैनिक जीवन में आवश्यक देखभाल से जुड़ा व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, बड़ा बाजार पार्षद मनीष खटीक, हल्दीबाड़ी पार्षद श्रीमती बॉबी कोर्राम एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि डॉ. डीके उपाध्याय की उपस्थिति रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि टाइप-1 डायबिटीज एक चुनौती जरूर है, लेकिन यह बच्चों के जीवन की दिशा तय नहीं कर सकती। सही जानकारी, नियमित उपचार और सकारात्मक सोच के साथ बच्चे न केवल स्वस्थ जीवन जी सकते हैं बल्कि अपने सपनों को भी साकार कर सकते हैं। उन्होंने परिजन से बच्चों के प्रति सहयोग, धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। महापौर राम नरेश राय ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की किसी भी चुनौती से घबराने की जरूरत नहीं है।

स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज और प्रशासन हर कदम पर इन बच्चों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक तिवारी ने टाइप-1 डायबिटीज के कारण, लक्षण, इंसुलिन प्रबंधन, बच्चों के संतुलित आहार, स्कूल में देखभाल तथा दैनिक जीवन में आवश्यक सावधानियों पर सरल और विस्तृत जानकारी दी।

# डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, 8 लाख 50 हजार रुपए की अतिरिक्त आमदनी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के मार्गदर्शन में एमसीबी जिले की ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल तेजी से सफलता की नई कहानी लिख रहा है। ग्राम पंचायत सलका, सीरियाखोह, पिपरिया, चनवारीडांड, बुंदेली, पाराडोल, डोगरीटोला, हरचौका, लालपुर, शंकरगढ़, चैनपुर और खड़गवां में स्वच्छाग्राहियों द्वारा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण से गांवों की तस्वीर बदल रही है।



ग्राम पंचायतों के सहयोग और सतत निगरानी ने स्वच्छता अभियान को नई गति दी है। शहरों की तरह अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठोस अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण की नियमित व्यवस्था विकसित हो चुकी है। चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता साफ दिखाई देने लगी है। सप्ताह में दो से तीन दिन के अंतराल पर घर-घर से अपशिष्ट का व्यवस्थित संग्रहण किया जा रहा है। इस अभियान से एक ओर गांवों को गंदगी और दुर्गंध से मुक्ति मिल रही है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छाग्राहियों के लिए स्थायी आजीविका का मार्ग भी तैयार हुआ है। यूजर चार्ज, प्रोत्साहन राशि और अपशिष्ट विक्रय के माध्यम से कुल 8,50,000 रूपए की अतिरिक्त आय अर्जित की गई है, जिससे जुड़े श्रमिकों का उत्साह भी बढ़ा है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस का विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्टीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में संभाग के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने स्वामीजी के जीवन आदर्शों और युवा शक्ति के महत्व पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जो युवाओं को राष्ट निर्माण की प्रेरणा प्रदान करने वाली रहीं।

कार्यक्रम का आरंभ विशेष प्रातः प्रार्थना सभा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण किया। विद्यालय की वरिष्ठ समन्वयक श्रीमती रशमिंदर कौर चावला एवं प्री प्राइमरी कक्षाओं की समन्वयक श्रीमती पूनम तिवारी ने भी स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं की छात्रा ने अंग्रेजी भाषा में दिए गए भाषण में कहा कि यह दिवस महान चिंतक, दार्शनिक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है और विद्यार्थियों को उनके आदर्शों, विचारों एवं जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करता है, जो उन्हें एक सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं अन्य छात्र-छात्राओं ने भी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने कहा कि यह दिन भारत के महान संत, विचारक और युवाओं के मार्गदर्शक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है।

# बरबसपुर में ग्रामसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बरबसपुर

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन 14 जनवरी को आयोजित किया गया है, इसके एक दिन पूर्व 13 जनवरी को ग्राम सभा एवं सोशल आडिट पीएम आवास, रोजगार गारंटी जैसे विषयों पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



इसमें अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। हालांकि ग्राम सभा को लेकर ग्राम पंचायत क्षेत्र में मुनादी करा दी गई, इसके साथ ही जनजागरूकता रैली निकाल कर ग्राम सभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए रैली का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरबसपुर में मनरेगा अंतर्गत हुए कार्यो का सोशल आडिट किया जा रहा है। बीते 10 से 13 जनवरी तक मनरेगा व पीएम आवास का सामाजिक अंकेक्षण किया गया, जिसका विशेष ग्राम सभा आज 14 जनवरी को आयोजित किया गया है। आयोजित जागरूकता रैली में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सोनमती, जनपद सदस्य श्रीमती रीना अग्रवाल, सचिव राम सिंह, सुरेन्द्र अग्रवाल, सोशल आडिट टीम से जिला अधिकारी राजेन्द्र धुर्वे, ब्लैक सोशल ऑडिटर भारती देवांगन, रामकुमार रवि, राजनिया, करूणा, कुंती सहित काफी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

### 317 विद्यार्थियों ने लिया भाग, 109 का शैक्षणिक भ्रमण तय

हरिभूमि न्यूज. पटना

दृष्टि स्टूडेंट पॉइंट एवं केशरीनंदन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद उच्चतर विद्यालय पटना में कक्षा 4 वीं से 8 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पटना एवं आसपास के 32 विद्यालयों से कुल 317 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान एवं आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।



आयोजकों द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम 109 प्रतिभागियों को विशेष शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ नए अनुभव प्राप्त होंगे। वहीं प्रथम 10 छात्रों को दृष्टि स्टूडेंट पॉइंट की ओर से निःशुल्क नवोदय एवं प्रयास परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारी सहकारी सेवा समिति पटना रविशंकर शर्मा, जवाहर लाल गुप्ता, विनोद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, श्रीमती चांदनी सोनी, जीतराय सिंह, सुनील सिंह, सुजीत सोनी, प्रताप सिंह, महेश साहू, अनिल गुप्ता, श्रीमती वर्षा साहू, अजित राजवाड़े, मुकेश गुप्ता, राजकुमार केवट, श्रीमती रेहाना सुल्ताना, अपूर्वा द्विवेदी, संतोष यादव, प्रदीप द्विवेदी, रमेश यादव एवं नरेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। वहीं केशरीनंदन परिवार के संयोजक योगेन्द्र मिश्रा, दृष्टि स्टूडेंट पॉइंट की डायरेक्टर नलिनी गुप्ता, विद्यालय स्टाफ एवं केशरीनंदन परिवार के रामप्रकाश तिवारी, राजकुमार यादव, अभिषेक द्विवेदी, भोला चक्रधारी, रानू वर्मा, जितेन्द्र साहू, शिवकुमार यादव एवं संदीप चक्रधारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# सशिमं डोमनहिल में स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं शिशु नगरी कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या ज्ञानमाला दुबे ने की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी युवाओं एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना से हुई। कक्षा शिशु, पहली एवं दूसरी के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने विभिन्न रूप धारण कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके साथ ही अक्षर दौड़, जोड़ी दौड़ एवं गुब्बारा दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की विशेष विशेषता यह रही कि बच्चों के साथ उनकी माताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या ज्ञानमाला दुबे ने सभी प्रतिभागियों, माताओं एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

